# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय,बरेली

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## माननीय प्रधानमंत्री - श्री नरेन्द्र मोदी जी

## के

## जन्मदिवस 17 सितम्बर

## वृक्षारोपण(पीपल के वृक्ष) कार्यक्रम

# समेकित आख्या

प्रोफेसर के0पी0 सिंह
कुलपति

डॉ0 सुनीता पाण्डेय
कुलसचिव

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय,बरेली





# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली

## राष्ट्रीय सेवा योजना

द्वारा

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस

**17 सितम्बर 2020 प्रातः 11:00 बजे**

## पौधा रोपण (पीपल के पौधे) कार्यक्रम

मुख्य अतिथि



**माननीय कुलपति प्रोफेसर के. पी. सिंह जी**

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**विशिष्ट अतिथि**



डॉ सुनीता पाण्डेय
कुलसचिव



डॉ अशोक श्रोती
क्षेत्रीय निदेशक (रासेयो, लखनऊ)



डॉ अंशुमालि शर्मा
(एस. एल. ओ., एन. एस. एस.)



डॉ सोमपाल सिंह

**निवेदक**

(ज़िला नोडल अधिकारी)

डॉ. राकेश (बंदायू), डॉ. शबाना साजिद (शाहजहांपुर)
डॉ. नरेन्द्र कुमार बत्रा (पीलीभीत), डॉ. अन्नु (बरेली)
डॉ. रामकुमार (रामपुर), डॉ रीता (सम्भल), डॉ. प्रीति (मुरादाबाद)
डॉ. पीयूष (अमरोहा), डॉ. धंनजय (बिजनौर)



मां भारती के सपूत,
कर्मयोगी, ओजस्वी विचारक और
भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्र मोदी जी


को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं ।



**श्रीमती आनंदीबेन पटेल , मा0 राज्यपाल जी, उ0प्र0**

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय परिसर और विश्वविद्यालय परिक्षेत्र जनपद बरेली के विभिन्न महाविद्यालयो में पीपल के पौधो का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के0पी0 सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में पीपल के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इसके बाद विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के ऑनलाइन जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों , नोडल अधिकारियो एवं स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सिंह ने प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सब प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर पीपल का पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेते है उनको जन्म दिवस की यही वास्तविक शुभकामना प्रेषित करना होगा। उन्होने कहा पीपल का पेड़ मानव जीवन संरक्षण के लिए बहुत ही उपयोगी होता है और पर्यावरण को शुद्ध बनाता है। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली 500 पीपल के पौधे लगाने का लक्ष्य था । लक्ष्य को प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में 30 पीपल के पौधे लगाए गए। साथ ही विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के सभी 9 जनपदों के विभिन्न महाविद्यालयों में भी वृक्षारोपण (पीपल के पौधे) किया गया । विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के बरेली , शाहजहांपुर, पीलीभीत , बदायूँ, संभल, रामपुर , अमरोहा , मुरादाबाद , बिजनौर जनपद के विभिन्न महाविद्यालयो में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के उचित स्थानो पर लगभग 890 पीपल के पेड़ लगाकर माननीय प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई ।

इस अवसर पर डॉ0 सुनीता पांडेय,कुलसचिव महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली , श्री कमलेश कुमार संखवार , वित्त अधिकारी, प्रोफेसर नलिनी श्रीवास्तव,प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल विधायक , डॉ0 जे0एन0 मौर्य , डॉ0 सोमपाल सिंह ,,कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना , आनन्द मौर्य,सहायक कुलसचिव , डॉ0 शशि भूषण तिवारी और सभी विभागो के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे ।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभअवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 के0पी0 सिंह जी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम (पीपल के पौधे) का ऑनलाइन शुभारम्भ करते हुए।

माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर कुलपति प्रो0 के0पी0 सिंह जी व अन्य विश्वविद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण कार्यक्रम में पीपल के वृक्ष लगाते हुए।





# विश्वविद्यालय  परिक्षेत्र के महाविद्यालयो के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियो व स्वयंसेवको द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में पीपल के वृक्ष लगाते हुए।







रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
माननीय
पर
मुख्य अतिथि
डा. सोमपाल सिंह


महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
राष्ट्रीय सेवा योजना
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 71 वें जन्मदिवस पर
वृक्षारोपण


MJPRU
महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
राष्ट्रीय सेवा योजना
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 71 वें जन्म दिवस पर
वृक्षारोपण (पीपल का पेड़)
मुख्य अतिथि : प्रोफेसर के. पी. सिंह जी कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
डॉ. अशोक श्रोति क्षेत्रीय निदेशक, रा.से.यो. (उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड)
डॉ. अंशुमालि शर्मा एस.एल.ओ., एन.एस.एस.(उ.प्र)
स्थान – दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद
डॉ. सोमपाल सिंह
डॉ. अनुपमा मेहरोत्रा
प्राचार्या
डॉ. शोभा गुप्ता
कार्यक्रम अधिकारी


महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना
2020.09.17 11:23


मुख्य अतिथि


17 सितम्बर, 2020
पौधारोपण(पीपल)



महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
राष्ट्रीय सेवा योजना
17 सितम्बर, 2020
मा. प्रधानमंत्री- श्री नरेन्द्र मोदी जी
के 71वें जन्म दिवस पर
पौधारोपण (पीपल)
(विशिष्ट अतिथि)
(मुख्य अतिथि)
बदायूँ
भवदीय
(कार्यक्रम समन्वयक)
नोडल अधिकारी)

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर महाविद्यालयो में पीपल का पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय परिसर और विश्वविद्यालय परिक्षेत्र जनपद बरेली के विभिन्न महाविद्यालयों में पीपल के पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में पीपल के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के ऑनलाइन जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सिंह ने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सब प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर पीपल के पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा की पीपल का पेड़ मानव जीवन संरक्षण के लिए बहुत ही उपयोगी होता है



और पर्यावरण को शुद्ध बनाता है। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली का 500 पीपल के पौधे लगाने का लक्ष्य था। जिसे प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में 30 पीपल के पौधे लगाए गए। साथ ही विश्वविद्यालय परीक्षेत्र के सभी 9 जनपदों के विभिन्न महाविद्यालयों में भी पौधारोपण किया गया। विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, संभल, रामपुर, अमरोहा, मुरादाबाद और बिजनौर जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के उचित स्थानों पर लगभग 890 पीपल के पेड़ लगाकर प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर डॉ सुनीता पांडेय, कुलसचिव महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली, कमलेश कुमार संखवार वित्त नियंत्रक, प्रोफेसर नलिनी श्रीवास्तव, प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल विधायक, डॉ जे एन, मौर्य, डॉ सोमपाल सिंह कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, आनंद मौर्य सहायक कुलसचिव, डॉ शशि भूषण तिवारी और सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पीएम के बर्थडे पर हुआ आरयू में पौधरोपण

**एमजेपीआरयू परिसर और यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेज में लगाए पीपल के पौधे**

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



अधिकारियों व स्टाफ ने लगाए पौधे.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (17 Sept):** एमजेपीआरयू के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय परिसर और विश्वविद्यालय परिक्षेत्र महाविद्यालयों में पीपल के पौधे रोपे गए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में पीपल के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके बाद विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के ऑनलाइन जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए वीसी ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी.

## परिसर में लगाए 30 पौधे

विश्वविद्यालय परिसर में 30 पीपल के पौधे लगाए गए. साथ ही विश्वविद्यालय परीक्षेत्र के सभी 9 जनपदों के विभिन्न महाविद्यालयों में भी पौधरोपण किया गया. विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, संभल, रामपुर, अमरोहा, मुरादाबाद और बिजनौर जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा लगभग 890 पीपल के पेड़ लगाए. इस मौके पर आरयू रजिस्ट्रार डॉ. सुनीता पाण्डेय, एफओ कमलेश कुमार संखवार, प्रोफेसर नलिनी श्रीवास्तव, प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल विधायक, डॉ. जेएन मौर्य, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. सोमपाल सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार आनंद मौर्य, डॉ. शशि भूषण तिवारी और सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे.

लखनऊ। शुक्रवार ● 18 सितम्बर ● 2020
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

यह तो स्पष्ट हो गया है कि दूसरी तिमा
भारत दुनिया की सबसे धीमी गति
बुनियादी ढांचा मजबूत होने के बावजूद
के इंजन को स्टार्ट करने के

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर विवि व महाविद्यालयों में हुआ पौधरोपण

**बरेली (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ (एनएसएस) द्वारा विश्वविद्यालय परिसर और विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों में 500 पीपल के पौधों का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.पी. सिंह ने पीपल के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मुरादाबाद, पीलीभीत, बदायूं, संभल, अमरोहा, बिजनौर, शाहजहांपुर, रामपुर एवं बरेली से ऑनलाइन जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सिंह ने प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर पीपल के पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेते हैं, उनको जन्म दिवस की यही वास्तविक शुभकामना प्रेषित करना होगा। पीपल का पेड़ मानव जीवन संरक्षण के लिए बहुत ही उपयोगी होता है और पर्यावरण को शुद्ध बनाता है।

इस अवसर पर डा. सुनीता पाण्डे कुलसचिव, कमलेश कुमार संखवार, प्रोफेसर नलिनी श्रीवास्तव, प्रोफेसर जे.एन. मौर्य, प्रोफेसर विजय यादव, डा. अमित सिंह, सोमपाल सिंह कार्यक्रम समन्वयक, डा. शशि भूषण तिवारी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डा. अनु महाजन, आनंद मौर्य, विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल, स्वयंसेवक मोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह व रजिस्ट्रार डा. सुनीता पाण्डेय, स्प्रिंगडेल महिला महाविद्यालय में चेयरमैन शिवकुमार अग्रवाल व सचिव अंकित कुमार अग्रवाल, अवन्तीबाई कॉलेज में प्राचार्या डा. संध्या अग्रवाल व डा. अनु महाजन पीपल के वृक्ष का रोपण करते हुए। फोटो : एसएनबी

राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल के निर्देश पर एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से जुड़े सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में पीपल के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें स्प्रिंगडेल महिला महाविद्यालय के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, सचिव अंकित कुमार अग्रवाल ने पीपल के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर प्राचार्या डा. शिल्पी शर्मा, नरेन्द्र गंगवार, राजीव गौड़ अन्य प्रवक्तागण मौजूद रहे। वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय बरेली की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के द्वारा 10 पौधे लगाये गये। इस मौके पर प्राचार्या डा. संध्या सक्सेना, डा. अनु महाजन, डा. फौजिया खान मौजूद रहीं। इसके अलावा पीपल के पौधे संजय नगर के सभासद अवनीश कुमार द्वारा भी लगाये गये।

# पौधरोपण कर मनाया मोदी का जन्मदिन

**रामपुर | हिन्दुस्तान संवाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधारोपण किया।

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर के परिसर में पीपल के वृक्षों का रोपण किया। कहा के आज पूरा देश दुनिया में अगरअपनी पहंचान बना रहा है तो यह सब प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से ही संभव हो पाया है। मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अशोक श्रोती एवं डॉ अंशुमाली शर्मा, प्राचार्य डॉ पी के वार्ष्णेय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ सोमपाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रामकुमार , डॉ अजय विक्रम सिंह, डॉक्टर अरशद रिजवी, डॉ वी के चौधरी, डॉ जुबैर अनीस, ब्रहम सिंह ,लाल सिंह एवं छात्र विनोद कुमार, कैफ, मॉज आदि समेत काफी संख्या में माजूद रहे। उनकी लंबी आयु की कामना की।




रजा पीजी कॉलेज में पौधरोपण करते प्राचार्य और अन्य स्टाफ। ● हिन्दुस्तान

# स्वयंसेवकों ने किया पीपल के पौधों का रोपण

## कुलपति ने कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन किया



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर पीपल के पौधे का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि रुहेलखंड विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. के पी सिंह ने कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन किया। कुलपति के द्वारा पौधारोपण करने के उपरांत एक साथ बदायूं जनपद के सभी कॉलेजों में पीपल के पौधों का रोपण किया गया।

राजकीय महाविद्यालय बदायूं में उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. सूर्यप्रकाश खरे, प्राचार्य डा. परवेज शमीम, नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, डा. संजीव राठौर, डा. पंकज अग्रवाल ने पीपल के पौधौं का रोपण किया। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय बिल्सी में प्राचार्य डॉ. बसुधा श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सिंह, डॉ. आराधना वर्मा, डॉ. सहाबुउद्दीन ने पौधारोपण किया। गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. गार्गी बुलबुल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरलादेवी चक्रवर्ती, डॉ.सुमन सिंह,डॉ.शुभ्रा माहेश्वरीआदि ने पौधारोपण किया।

राजकीय महिला महाविद्यालय, नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास कॉलेज, बांके बिहारी महिला महाविद्यालय में पीपल के पौधों का रोपण किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. रीता सिंह,डॉ.पीयूष शर्मा, डॉ. शबाना साजिद,डॉ. रामकुमार, डॉ. धनंजय सिंह,डॉ. अनु महाजन, डॉ. श्रद्धा गुप्ता,डॉ. पीके शर्मा, डॉ. डाली, अभिनव सक्सेना,अरुण सिसोदिया, मोहम्मद शोएब, शिवानी कुशवाह, निहारिका द्विवेदी, अर्जुन तोमर,अर्जुन राठौर, सुमित कुमार सिंह, संजीव शाक्य आदि जुड़े रहे।



# पौधरोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

रामपुर। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पीपल के पौधे लगाए गए।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में प्राचार्य डॉ. पीके वार्ष्णेय ने पीपल के पौधों का रोपण किया। मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अशोक श्रोती एवं डॉ. अंशुमाली शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रामकुमार, पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय विक्रम सिंह आदि रहे। मित्र संघ की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर ज्वालानगर में आगापुर रोड पर टंकी के निकट पौधरोपण किया गया।



जन्मदिन पर केक काटते कार्यकर्ता।

इस मौके पर मित्र संघ के जिलाध्यक्ष अनुज सक्सेना, पंकज राय, रमेंद्र गुप्ता, डॉ. पीके राजपूत, अंजुम स्नेही आदि रहे।

वहीं दूसरी ओर भाजपा नगराध्यक्ष देवेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के संग मलिन बस्तियों में भ्रमण कर लोगों को फल और मिठाई वितरित की। शकुंतल लोधी, राजीव लोचन, अरविंद चौहान, राहुल वर्मा आदि रहे। संवाद



रामपुर के राजकीय रजा पीजी कॉलेज में पौधरोपण करते प्राचार्य। संवाद

अ शो क सै नी ,

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, भदोही**

पत्रांक: समग्र शिक्षा/3073-81/2020-21/दिनांक- 16.9.2020

युवा हस्ताक्षर शाहजहं

# प्रधानमंत्री के 71वें जन्मदिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा हुआ पीपल के वृक्षों का वृक्षारोपण



शाहजहांपुर। जीएफ कॉलेज द्वारा कैंपस एवं कॉलेज द्वारा गोद लिए गाँव मऊ खालसा में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत पीपल के 30 वृक्षों का वृक्ष रोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रो0 [illegible] जी (कुलपति महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली) व डॉ अशोक [illegible] जी एवं डॉ अंशुमालि शर्मा जी ने उपस्थित रहकर सबको उत्साहित किया स्वयं सेविका [illegible] के द्वारा अपने गाँव में 5 पौधों का रोपण किया गया दूसरी ओर इस अवसर पर प्राचार्य एस यू खान [illegible] अधिकारी डॉ [illegible] साजिद ए कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहम्मद [illegible] [illegible] अहमद [illegible] इमरान व स्वयं सेवी अनुश्री मिश्रा [illegible] [illegible] अन्य ने उपस्थित रहकर वृक्ष रोपण का कार्य सम्पन्न कराया। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए प्राचार्या डॉ [illegible] नुसरत ने 10 पौधे लगाये, ईश्वरी प्रसाद कॉलेज से डॉ काशीनाथ ने 10 पौधे लगाये एस एस कॉलेज से डॉ प्रमोद ने 10 पौधों का रोपण किया साथ ही अन्य महाविद्यालयों ने भी 10,10 पीपल के वृक्षों का वृक्षारोपण किया

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लगाये विद्यालय परिसर में पीपल के पौधे

चन्दौसी (स्वरूप संवाददाता)। एन0 के0 बीएम0 जी0 पी0जी0 कॉलेज चन्दौसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस पर उ0प्र0 शासन के आदेशानुसार पीपल के वृक्षों का पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम एम0जे0पी0 विश्वविद्यालय बरेली के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 सोमपाल सिंह के नेतृत्व में जूम मीटिंग एप्प के माध्यम से संचालित हुआ। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 के0पी0 सिंह द्वारा किया गया। एन0के0बीएम0जी0 की प्राचार्य डॉ0 अर्चना कुमारी व राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 नीता गुप्ता, व डॉ0 रीता ने स्वयं सेविकाओं के साथ महाविद्यालय परिसर में पीपल के 10 पौधे लगाये व उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मुकेश कुमार व रंजीत का विशेष सहयोग रहा। वहीं नगर के एस0एम0 डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र ईकाई ने भी देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर पौधे रोपित करने का कार्य किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सागर ने 15 पीपल व आम के पौधे रोपित किया। साथ ही एस0एम0 कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 बालेन्द्र वशिष्ठ, लोकेश अग्रवाल, विकास, पवन, अरविंद बहादुर, अमन सक्सैना आदि मौजूद रहे।



# पौधरोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



राजकीय डिग्री कॉलेज में पौधरोपण करते शिक्षक। *संवाद*



दिव्यांगों को उपकरण व फल वितरित करते भाजपाई। *संवाद*

संवाद न्यूज एजेंसी

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन गुरुवार को पौधरोपण व मास्क वितरण कर मनाया गया। जिले में अन्य स्थानों पर सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की ईश्वर से प्रार्थना की गई। भाजपाइयों ने बूथ स्तर तक सेवा सप्ताह मनाया।

सलारपुर ब्लॉक में भाजपा द्वारा सेवा सप्ताह में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/उपकरण वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता ने 70 दिव्यांगजनों को ट्राईसकिल व अन्य उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किये है और देश का मान वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष दीपमाला गोयल, सुधीर श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, सुखदेव सिंह राठौर, शारदेंदु पाठक आदि मौजूद रहे। इधर, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा राठौर के नेतृत्व में पूरे जनपद में 70 स्थानों पर मलिन बस्ती व अस्पताल में फल वितरण किया गया।

गिंदो देवी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने पौधरोपण किया। ऑनलाइन शुभारंभ रुहेलखंड विवि के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह, विशिष्ट अतिथि अशोक श्रोती ने किया। डॉ. अंशुमाली शर्मा, डॉ. सोम पाल सिंह, कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती, डॉ. सुमन सिंह ने प्राचार्या डॉ. गार्गी बुलबुल के निर्देशन में पौधरोपण किया। छात्राओं को मास्क वितरण भी किए गए। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. सूर्यप्रकाश खरे, प्राचार्य डॉ. परवेज शमीम, नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, डॉ. संजीव राठौर, डॉ. पंकज अग्रवाल ने पौधरोपण किया। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. स्मिता जैन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष भूषण, डॉ. वंदना मिश्रा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. राजधन आदि ने पौधरोपण किया। दास कॉलेज में प्राचार्य डॉ. संजीव सक्सेना, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि भूषण पाठक, डॉ. रश्मि सक्सेना, डॉ. प्रगति सक्सेना ने पीपल का पौधा लगाया। बांके बिहारी महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार गुप्ता, डॉ. नवीन कुमार श्रीमाली ने पौधरोपण किया। म्याऊ में सिनर्जी फाउंडेशन की ओर से पौधरोपण किया गया। इस मौके पर अभय प्रताप सिंह, महेश गुप्ता, शिव शर्मा, अवधेश, राजीव, भगवान सिंह आदि रहे।

**सहसवान।** भाजपा नगर अध्यक्ष सौरभ माहेश्वरी के नेतृत्व में कायकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल बांटे। इस मौके पर दीक्षा माहेश्वरी, सुभाष गौड, आदर्श सक्सेना आदि मौजूद रहे।

**बिल्सी।** महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कालेज में प्राचार्या डॉ.वसुधा श्रीवास्तव, डॉ.पंकज कुमार, डॉ.शाहबुद्दीन अली, डॉ.डॉली, डॉ.आराधना वर्मा ने पौधारोपण किया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया।

**उझानी।** भाजपा की जिला मंत्री रानी सिंह पुंडीर ने कछला के कुष्ठ आश्रम में लोगों के लिए फल वितरित किए। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का भरोसा दिलाया। पालिका के नामित सदस्य मोहित प्रभाकर ने साहूकारा और बाजारकलां मोहल्ले में पालिका कर्मियों की मौजूदगी में सैनिटाइज कराया। मलिन बस्तियों को भी सैनिटाइज किया गया।

**बिसौली।** वजीरगंज में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर पदाधिकारियों ने 70 किलो का केक काटा। एवं पार्टी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष अनुज सक्सेना, राहुल वार्ष्णेय,अरविंद सिंह,महेश शर्मा,अनिल गुप्ता,पुष्पेंद्र सैनी, हीरालाल, विजेंद्र, पवन लता वार्ष्णेय राजेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीपल वृक्ष का वातावरण को सुरम्य, स्वच्छ और आक्सीजन युक्त बनाने में अहम योगदान

**अमरोहा(विधान केसरी)।** जेएस हिन्दू (पीजी) कालिज में एनएसएस के छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वकर्मा जयन्ती मनायी गयी। डॉ. संयुक्ता देवी कार्यक्रम अधिकारी, नोडल प्रभारी डॉ. पीयूष के निर्देशन में विश्वकर्मा जयन्ती तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पीपल के पौधे लगा कर वातावरण को सुरम्य, स्वच्छ और आक्सीजन युक्त बनाने का सन्देश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीबी बरतरिया ने पीपल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आध्यात्मिक क्षेत्र में पीपल को ऊर्जा का स्रोत माना गया है, इसके नीचे बैठकर गर्मी में ठंडक तथा जाड़ों में गर्माहट का एहसास होता है। इसमें प्राण शक्ति अधिक होती है। डॉ. संयुक्ता देवी ने बताया कि विश्व कर्मा के देवताओं के शिल्पकार कहे जाते हैं। उनका जीवन स्वावलम्बन, ज्ञान, श्रम और प्रगति की प्रेरणा देता है। डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने कहा कि पीपल औषधीय गुणों से युक्त है। इस लिए इसे देवतुल्य माना गया है। डॉ. संजय शाही ने कहा कि पीपल वातावरण को शुद्ध करता है। इस अवसर पर डॉ. सविता राणा, डॉ. आभा सिंह, आदि मौजूद रहे।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गोलकुलदास गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पौधरोपण

# पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**मुरादाबाद।** गोकुलदास गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवि कुलपति, प्रो केपी सिंह शामिल रहे। विशिष्ट-अतिथि, डा अशोक श्रोत्रीय, डॉ अंशुमालि शर्मा रहे। रासेयो के समन्वयक डॉ सोमपाल सिंह के साथ ही महाविद्यालय प्राचार्या डा अंजना दास, डॉ प्रीति पांडेय, ड प्रेमलता कश्यप आदि शामिल रहीं।

# पौधरोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**भकरौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरूवार को बबराला के बाबूराम सिंह भाय सिंह डिग्री कालेज जन्मदिन मनाया गया।

शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कालेज परिसर में पीपल के पौधे रोपे। वहीं राष्टीय सेवा योजना द्वारा भी कालेज परिसर में पीपल के पौधे रोपे गए। महाविद्यालय के प्राचार्य एमपी सिंह ने कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवन के आज व कल के स्तंभ होंगे। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य एमपी सिंह, रश्मि गुप्ता, उमेश कुमार, विनोद कुमार, भुवनेश्वर यादव, विजयपाल सिंह, साक्षी, प्रिया आदि मौजूद रहे।

## केक काटा और लोगों को बांटे फल

**संभल।** भाजपा अल्पसंख्यक मोच की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिन के मौके पर केक काटा गया। जिलाध्यक्ष सैयद शान अली और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की लंबी आयु की कामना की। लोगों फल भी बांटे गए। हाजी असलम, मोहम्मद वसीम, शकील मलिक, मोहम्मद वसी वारसी, गुलजार अंसारी, मोहम्मद वसीम, नूर आ शहजाद, मोहम्मद अजीम, नजर इक्तेदार आदि रहे।



चन्दौसी के एंनकेबीएमजी पीजी कालेज में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पीपल का पौधा लगाती एनएसएस अधिकारी व स्वयंसेविकाएं।

# स्वयं सेविकाओं ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में पीपल का पौधों का रोपण किया। करीब 10 पौधे लगाए गए। जूम मीटिंग के माध्यम से मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह द्वारा शुभारंभ किया गया। प्राचार्या डा. अर्चना कुमारी व रासेयो की दोनों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारी डा. नीता गुप्ता व डा. रीता ने पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया।

# माननीय प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**धन्यवाद।**



डॉ0 सुनीता पाण्डेय
कुलसचिव



डॉ0 सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना